tbi9 खबर 24 घण्टे

आगरा में नकली नोट छपने वाला गिरोह STF ने किया गिरफ्तार

By-संजीव कुमार जुरेल September 7, 2019

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के एसटीएफ ने आगरा से नकली नोट छापने और उसे बाजार में चलाने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए जाने वालों में शिवम तोमर, ओंकार झा, अवधेश सविता, सुनील सिसोदिया और लखन शामिल हैं।
इन सभी को गुरुवार को आगरा के सदर इलाके से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 100-100 रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद किए गए जिनकी कीमत 35,000 रुपये है। इसके अलावा प्रिंटर, लैपटॉप, स्टांप पेपर, पेन ड्राइव तथा अन्य सामग्री जब्त की गई।

पूछताछ में अवधेश ने बताया कि उनका गिरोह 100 रुपये मूल्य के नकली नोट छापकर बाजार में चलाता था। एसटीएफ इनसे और पूछताछ कर रही है।

पता चला है कि ये लोग एक 100 रुपये के नोटों की गड्डी लेते थे और फिर एक-एक नोट को स्कैन करते थे. इसके बाद स्टैम्प पेपर पर नोटों का कलर प्रिंट निकाला जाता था और डीसी मशीन में फिनिशिंग देकर असली जैसा बना दिया जाता था.

ये लोग पांच हजार असली रुपये में 10 हजार के नकली नोट एजेंट को देते थे. चूंकि 100 के नोटों पर लोग भरोसा करते हैं लिहाजा अधिक चेकिंग नहीं होती थी. पिछले डेढ साल में ये लोग लाख रुपये कीमत के नोट बाजार में चला चुके हैं.

Source:
https://www.tbi9.in/2019/09/07/%E0%A4%86%E0%A4%97%E0%A4%B0%E0%A4%BE-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%A8%E0%A4%95%E0%A4%B2%E0%A5%80-%E0%A4%A8%E0%A5%8B%E0%A4%9F-%E0%A4%9B%E0%A4%AA%E0%A4%A8%E0%A5%87-%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%B2/